हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

06 धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार 10 करोड़ के पार



09 शहर में चमके दीया, दमकी रंगोली, रोशनी से झिलमिलाए भवन, छाया ...



समाचार संक्षेप

मदागन माफी में रामलीला आयोजन के लिए अर्चना बल्लू ने दिए 21 हजार

चाचौड़ा। चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मदागन माफी में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू कालापहाड़ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा रामलीला समिति को आयोजन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए 21 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराएं और भगवान श्रीराम के आदर्श हमारी अमूल्य धरोहर हैं। रामलीला जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के साथ ही समाज में धर्म, संस्कार, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



कुंभराज में पटाखा विक्रय के लिए निर्धारित हुआ अलग स्थान



कुंभराज। दीपावली पर्व पर पटाखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित विक्रय को लेकर पुलिस और नगर परिषद प्रशासन ने बेहतर समन्वय से व्यवस्थाएं की हैं। थाना प्रभारी अमित अग्रवाल एवं सीएमओ लीलाधर सेन के निर्देशन में पटाखा विक्रेताओं को अलग स्थान आवंटित किए गए हैं। नगर परिषद द्वारा प्रत्येक दुकानदार से एक हजार रुपये शुल्क लेकर तीन दिनों के लिए आवंटन पर्ची जारी की गई है। विक्रय स्थल पर पेयजल, अस्थायी शौचालय एवं अग्नि सुरक्षा के लिए रेत की बाल्टियों सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। थाना प्रभारी अमित अग्रवाल की सतत निगरानी के चलते बाजारों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पटाखों की दुकानें नहीं लगने दी गईं। सभी विक्रेताओं को निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए गए। पुलिस एवं नगर परिषद के इस बेहतर तालमेल की नगर में सराहना हो रही है। इस पहल से आगजनी की आशंका कम होने के साथ यातायात एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिली है।

19 नवंबर को होगा 31वां महाअन्नकूट महोत्सव

गुना। आस्था, सद्भाव और सेवा के पावन केंद्र श्री हनुमंता धाम पर इस वर्ष का 31वां महा अन्नकूट महोत्सव आगामी 19 नवंबर को दशमी तिथि के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए हनुमंता मंदिर परिवार के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें महोत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं और दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति के अनुसार नगर का यह सबसे विशाल अन्नकूट महोत्सव हनुमंता धाम पर शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्मों, जातियों और वर्गों के हजारों श्रद्धालु एक साथ, एक पंगत में बैठकर महाप्रसादी ग्रहण करते हैं, जो सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है।

कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ शाम 6:30 बजे भगवान श्री हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती के साथ होगा। इसके पश्चात ठीक शाम 7 बजे से अन्नकूट भंडारे का श्रीगणेश किया जाएगा, जो देर रात तक निरंतर जारी रहेगा। पूर्व विधायक और हनुमंता मंदिर परिवार के प्रमुख सदस्य राजेंद्र सिंह सलूजा ने बताया कि हनुमंता धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शांति और संतुष्टि का केंद्र है, जो लोगों को जीवन की चुनौतियों से निपटने की प्रेरणा देता है।

आज धूमधाम से मनेगी दीपावली, लक्ष्मी पूजन की तैयारियां पूरी

रूप चौदस पर रोशनी से जगमगाया शहर, बाजारों में खरीदारों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रूप चौदस (छोटी दिवाली) के पावन अवसर पर शनिवार को समूचा गुना शहर रोशनी और रंगों से सरोबार नजर आया। घरों और प्रतिष्ठानों पर जलते दीपों व विद्युत झालरों की चकाचौंध के बीच बाजारों में त्योहारी उत्साह अपने शबाब पर पहुंच गया। शनिवार सुबह से ही लक्ष्मीगंज, हाट रोड, सदर बाजार और हनुमान चौराहा जैसे व्यापारिक इलाकों में मिट्टी के दीये, भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजन सामग्री, आतिशबाजी और ताजे फूलों की बंपर खरीदारी होती रही।



रूप चौदस की रौनक, आज मनेगी दीवाली

शनिवार को शहरभर में रूप चौदस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। घरों में आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं और शाम ढलते ही यमराज के निमित्त दीपदान की रस्म निभाई गई। इस उल्लास के बीच अब कल रविवार को दीपोत्सव का मुख्य पर्व दीपावली (लक्ष्मी पूजन) धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को होने वाले महापूजन और खुशियों के स्वागत के लिए शहर का हर नागरिक और व्यापारी वर्ग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा रहा। दीपावली के दिन शहर में मिठाई, आतिशबाजी और माला-फूलों का भारी कारोबार होने का अनुमान है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने और नगर पालिका द्वारा सडक़ों की सफाई कराए जाने के बाद शहर का व्यापारिक मिजाज पूरी तरह बदल गया। स्वच्छ और सुंदर दिखे बाजारों में आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी परिवार संग खरीदारी करने पहुंचे। गत रात गुना कलेक्टर किशोर कन्याल भी अपनी धर्मपत्नी के साथ बाजार में पैदल निकले और आम नागरिक की तरह दीपोत्सव की सामग्रियां खरीदीं। कलेक्टर की इस सहजता ने स्थानीय दुकानदारों और खरीदारों का उत्साह दोगुना कर दिया।

धनतेरस पर 100 करोड़ के कारोबार से बनी मजबूती

गौरतलब है कि इससे पूर्व शुक्रवार को मनाए गए धनतेरस पर्व पर जिले के बाजारों में रिकॉर्डतोड़ व्यापार दर्ज किया गया था। ऑटोमोबाइल, सराफा (ज्वेलरी), इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन बाजार को मिलाकर अकेले गुना शहर में 60 करोड़ रुपये से अधिक तथा पूरे जिले में 100 करोड़ रुपये के पार कारोबार हुआ था। धनतेरस की उसी बंपर आर्थिक रफ्तार को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को रूप चौदस पर भी बाजारों में भारी भीड़ बनी रही। दीपोत्सव की यह पांच दिवसीय श्रृंखला अब आगामी बुधवार को भाईदूज के पर्व के साथ संपन्न होगी।

चौथे दिन फिर सुनाई दिया गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में लगातार तीन दिनों तक बनी बदहाली के बाद आखिरकार नागरिकों को राहत की खबर मिली है। तीन दिन की लंबी हड़ताल खत्म होने के बाद चौथे दिन एक बार फिर शहर की सडक़ों और गली-मोहल्लों में गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल की धुन सुनाई दी। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ सफाई कर्मचारी संगठनों की सकारात्मक वार्ता के बाद हड़ताल वापस ले ली गई, जिससे दीपोत्सव के ऐन मौके पर शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। हड़ताल समाप्ति की घोषणा होते ही शुक्रवार देर रात से ही नगरपालिका का अमला हरकत में आ गया। दीपावली से पूर्व शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए कर्मचारियों ने देर रात ही मुख्य बाजारों और सडक़ों पर पहुंचकर झाड़ू लगाना शुरू कर दिया था। शनिवार को सुबह से ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और कॉलोनियों में पड़े कचरे के अंबार को हटाने का काम युद्ध स्तर पर चलाया गया। इस बार कचरा उठाने के लिए नपा ने जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-टॉलियों का सहारा लिया ताकि जमा कचरे को जल्द से जल्द डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जा सके।

गौरतलब है कि 16 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल पर चले गए थे। इसके चलते धनतेरस के दिन भी शहर के बाजार और कॉलोनियां कचरे के ढेर में तब्दील हो गई थीं और गंदगी के बीच ही लोगों को खरीदारी करनी पड़ रही थी। लेकिन मुख्यमंत्री से मिले आश्वासन के बाद कर्मचारियों के काम पर वापस लौटते ही सफाई व्यवस्था पटरी पर आ गई है। शनिवार को कॉलोनियों में जैसे ही कचरा संग्रहण वाहन पहुंचे।

छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के निर्देशन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के सचिव राधाकिशन मालवीय के मार्गदर्शन में 5 नवंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का आयोजन 'बोलो, बताओ, बचाओ' थीम पर किया गया। इस दौरान न्यायाधीश ज्योत्सना गेब्रियल ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, बच्चों के कानूनी अधिकारों एवं लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण संबंधी कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव तथा ऑनलाइन ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में बताते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना डर अपनी बात सामने रखने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने शिक्षा, सुरक्षा एवं अपने कानूनी अधिकारों से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे।

फुलवारी कॉलोनी की नवनिर्मित रोड पर चला स्वच्छता अभियान


हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना


फुलवारी कॉलोनी में कॉलोनी वासियों के सहयोग से नवनिर्मित रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। तदाशय की जानकारी मोहल्ला सुधार समिति फुलवारी कॉलोनी गुना के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने बताया कि फुलवारी कॉलोनी में नगरपालिका का कोई भी कर्मचारी साफ सफाई के लिए नहीं आता। कॉलोनी की सड़क की साफ सफाई करने कॉलोनी वासियों ने स्वयं बीड़ा उठाकर सड़क का कचड़ा साफ किया और झाड़ू लगाकर सफाई की। इस अवसर पर काफी संख्या में कॉलोनीवासी सुबह 7 बजे से 8 बजे तक एकत्रित हुए जिनमें सर्वश्री बनवारी लाल दीक्षित, के एल नामदेव, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, चौथमल शर्मा, रमेश कटियार, पवन कुमार आदि प्रमुख हैं।



सेंगर ने आगे बताया कि एक तरफ कालोनी वासी स्वच्छता अभियान चलाकर सडक़ को साफ कर रहे हैं वहीं डी टू ढावा संचालक नवनिर्मित सडक़ को खोदकर ढावे का गंदा बदबूदार पानी फैला रहा है। जिसके कारण कालोनी वासी परेशान हैं इस संबंध में नगर पालिका परिषद गुना को एवं जनसुनवाई में लिखित आवेदन भी दिया परंतु अभी तक ढावा संचालक पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रशासन का इसतरह अनदेखी करना कई प्रश्न खड़े करता है। एक तरफ प्रशासन स्वच्छता पर ध्यान देता है दूसरी तरफ ऐसे ढावा संचालकों पर कार्यवाही करने से कतराता है। ढावा संचालक द्वारा जिस तरह से नवनिर्मित रोड को खोदकर सड़क पर गंदा पानी बहाया जा रहा है उससे कालोनी वासियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन ने यदि तुरंत कोई कार्यवाही ढावा संचालक के विरुद्ध नहीं की तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।







ग्राहकों से गुलजार रहा बाजार, दीपोत्सव की हुई शुरुआत

धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार 10 करोड़ के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दीप पर्व दीपावली की शुरुआत शुक्रवार को धनतेरस से हुई। खरीदारी के लिए विशेष संयोग होने से जिले में खूब धन बरसा। शहर सहित जिले भर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। 10 करोड से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। बड़ी संख्या में लोगों ने जेवरात, सोने-चांदी के सिक्के, इलेक्ट्रानिक सामान, गिफ्ट आइटम, बर्तन, बाइक, ट्रैक्टर और कार से लेकर घरेलू साज-सज्जा का सामान खरीदा। कुछ लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी भी की।

धनतेरस पर शहर सहित अंचलभर के बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। बाजार में सराफा, इलेक्ट्रानिक, रेडीमेड कपड़ों की दुकान के अलावा आटो मोबाइल सेक्टर में रौनक रही। दोपहर बाद बाजार में भीड़ के कारण पैर रखने की जगह नहीं थी। व्यापारियों की मानें तो धनतेरस पर जिले में 10 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। मुख्य बाजार में आटो, चार पहिया वाहन नहीं जा सकें, इसके लिए पुलिस ने गोलंबर और मेन बाजार के पास बेरिकेड्स लगाकर जवानों को तैनात किया।







छह दिन छाया रहेगा दीपोत्सव का उल्लास

यूं तो दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक मनाया जाता है,लेकिन इस बार दीपावली का त्यौहार छह दिनों तक मनाया जाएगा। दरअसल इस दफा अमावस्या तिथि दो दिन पड रही है इसलिए जिलेभर में महालक्ष्मी पूजन 8 नवंबर को किया जाएगा। जबकि गोवर्धन पूजा 10 नवंबर और भाईदौज 11 नवंबर को मनाई जाएगी। ऐसे में 6 नवंबर से शुरू हुआ दीपोत्सव का उल्लास 11 नवंबर तक जिलेभर में छाया रहेगा।

सराफा बाजार

सोने-चांदी के अभूषण की दुकानों पर सुबह 11 बजे के बाद खरीदारों की भीड़ आना शुरू हुआ। खरीदारी के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह दिखा। सराफा व्यापारी की माने तो धनतेरस पर इस बार महिलाएं नई डिजायन के मंगलसूत्र, चूड़ी, कान के बाला, छोटे-छोटे टाप्स और चांदी की पायल, बिछिया खरीदना पसंद कर रही हैं। जिले में लगभग एक करोड से ज्यादा का कारोबार होने की जानकारी मिली है।

ऑटोमोबाइल

ऑटोमोबाइल शोरूम संचालकों ने धनतेरस को लेकर पहले से ही दोपहिया वाहनों का स्टाक मंगा लिया था। लोगों ने बाइक खरीदने के लिए एडवांस में बुकिंग करा ली थी। शुक्रवार को बजाज, हीरो,होंडा, टीवीएस सहित अन्य आटो मोबाइल के शोरूम पर खरीदारों की भीड़ रही। जिलेभर में आटो मोबाइल सेक्टर के अलावा ट्रैक्टर, ऑटो आदि का सात करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

बर्तन की दुकान

धनतेरस पर सबसे अधिक मांग बर्तनों की होती है। बाजार में इस बार स्टील के बर्तन के अलावा ओवन, इंडेक्शन कुकर के अलावा टंकी, गिलास, थाली, चम्मचों का सेट की विशेष मांग है। बर्तन भंडार के संचालक की मानें तो जिलेभर में करीब 80 लाख रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है।

इलेक्ट्रानिक्स बाजार

इलेक्ट्रानिक्स शोरूम पर एलईडी टीवी, होम थियेटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, पानी फिल्टर के लिए आरो, प्रेस सहित अन्य उपकरणों की मांग विशेष रही। इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार से जुड़े आशीष कुमार की मानें तो जिले में इलेक्ट्रानिक्स बाजार में करीब 70 लाख रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।

कपड़ा बाजार

रेडिमेड शोरूम पर युवाओं की खासी भीड़ रही। अलग से दिखने के लिए युवा बांबे पेटर्न के सिले कपड़ों की अधिक मांग रही। त्योहार के चलते रेडिमेड शोरूम संचालकों ने पहले से ही नई बैराटियों के कपड़े मंगा लिया थे। इन दुकानों पर देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। धनतेरस पर जिलेभर के कपड़ा बाजार में करीब 30 लाख रुपये का कारोबार हुआ है।

अन्य सेक्टर

धनतेरस के मौके पर अन्य सेक्टरो में भी लोगो ने खूब खरीदारी की।बताया जा रहा है कि अन्य सेक्टरो में जिलेभर में करीब 20 लाख रुपये से अधिक की बिक्री हुई है। उधर सजावटी सामान भी खूब बिका।

नागरिकों को मिलजुलकर खुशहाली का पर्व मनाने का संदेश दिया

एसपी ने दीपावली पर्व को लेकर प्रमुख बाजारों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत अशोकनगर शहर के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने गांधी पार्क स्थित बाजार, सराफा बाजार एवं सुभाषगंज बाजार का भ्रमण कर बाजार की गतिविधियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मिट्टी के दीपक खरीदकर स्थानीय कुम्हारों एवं पारंपरिक हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। साथ ही उन्होंने बाजार में उपस्थित व्यापारियों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों से आत्मीय संवाद कर समस्त जिलावासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पर्व के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति बनाए रखने तथा दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने का संदेश दिया।

भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजू सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक अविनाश उमरैया, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक अजीत सिंह नरवरिया, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक आकाश शर्मा सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

जिला जेल में भाईदूज पर बंदियों से मिलने के लिए गाइड लाइन जारी की

अशोकनगर। जिला जेल में भाईदूज पर बंदियों से मिलने के लिए गाइड लाइन जारी की गई। जिसमें मुलाकात सुबह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक लिखी जाएगी एवं दोपहर 2 बजे तक मुलाकात दी जाएगी। प्रत्येक बंदी को तिलक लगवाने एवं प्रसाद ग्रहण करने हेतु कुल समय 10 मिनट दिया जाएगा। पुरूष बंदियों से प्रत्यक्ष मुलाकात हेतु उनके परिवार की केवल महिलाओं (संख्या-03) एवं उनके साथ आने वाले 6 वर्ष तक के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। मुलाकात पर आने वाली महिला परिजनों को जेल परिसर में एक साथ इकट्ठा होने पर अर्थात प्रत्येक बंदी की मुलाकात हेतु उनके महिला परिजनों को एक साथ ही जेल में प्रवेश दिया जाएगा पृथक पृथक नहीं। महिलायें अपने साथ मिठाई (250 ग्राम), मौसमी फल 2 नग ले जा सकेंगी। इस दौरान पहचान पत्र लाना आवश्यक है।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने दिया लोकल फॉर वोकल का संदेश, बाजार में खरीदारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दीपावली पर्व पर वोकल फॉर लोकल अभियान को प्रोत्साहित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने स्थानीय बाजार पहुंचकर मिट्टी के दीपक खरीदे और आमजन से भी स्थानीय कुम्हारों एवं छोटे व्यापारियों से खरीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर मनोरिया ने कहा कि आज जब हम शहर के विकास और आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो इसकी शुरुआत हमारे अपने बाजारों, स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों को प्रोत्साहन देने से होती है। वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं, बल्कि अपने शहर की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि जब हम स्थानीय हुनरमंदों, हस्तशिल्पियों और छोटे दुकानदारों से सामान खरीदते हैं, तो हम केवल वस्तु नहीं खरीदते, बल्कि किसी परिवार की आजीविका और सपनों को भी सहारा देते हैं। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है और शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस दीपावली पर मिट्टी के दीपक एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। अपने त्योहारों, आयोजनों और दैनिक खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को अपनाएं। जब हमारा स्थानीय बाजार समृद्ध होगा, तभी हमारा नगर भी विकास और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा।



कमजोरी और केंसर की जड़ है बीड़ी तंबाकू पुड़िया: जादौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कमजोरी और कैंसर जैसी भयावह बीमारी जिसने सोंईकला क्षेत्र में किसी राक्षस की तरह अपने पांव पसारे हुए हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका पान पुड़िया तंबाकू बीड़ी सिगरेट का त्याग करना है। नशा इस गंभीर बीमारी को आमंत्रण दे रहा है जिसके कारण दर्जनों लोगों की मौत इस बीमारी से हो चुकी है और कई मौत से जूझ रहे हैं। यह बात समाजसेवी जयसिंह जादौन ने सोंईकला के एकतापुरा गांव में नशा विरोधी अभियान के दौरान सम्बोधन देते हुए कही।

एकतपुरा में समुदाय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सहरिया समाज में बढ़ रहे कुपोषण और कैंसर रोग के फैलाव पर चर्चा की गई। इस दौरान महात्मा गांधी सेवा आश्रम के बरिष्ठ समाजसेवी जयसिंह जादौन ने बताया कि हमारे पूरे क्षेत्र में पुड़िया और तंबाकू के कारण मानव शरीर कमजोर होता जा रहा है साथ ही हमारा बीज वंश भी कमजोर हो रहा है जिसके कारण ठिगने और कमजोर बच्चे पैदा हो रहे हैं एक तरफ फसलों में बहुत सारा केमिकल उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण कैंसर के खतरे बढ़ रहे हैं दूसरी तरफ हम ऊपर से और पुड़िया नमक जहर को ले रहे हैं जिससे कि हमारे बच्चे भी बहुत कमजोर पैदा होरहे है और बीमारियों से नहीं लड़ पा रहे। कार्यक्रम के अंत में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डोगर भाई, गंगाराम आदिवासी, मोहन आदिवासी, मोहन सिंह, जगदीश, मोरपाल, पप्पू, नाथीबाई, कौशल्या बाई, कुलदीप, हरज्ञान सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे।





उमरा से लौटने पर किया स्वागत

श्योपुर। वीरपुर अंजुमन कमेटी के सदर मुमताज खान उमरा (मिनी हज) से लौटने पर वीरपुर वासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। ज्ञात हो कि मुमताज खान 20 दिन के टूर पर उमरा करने सऊदी मक्का मदीना गए थे जिनकी 24 अक्टूबर को वापसी की फ्लाइट थी लेकिन हुती विद्रोहियो के सऊदी पर हमले के बाद इंडियन एयरलाईनस ने उडाने कैंसिल कर दी थी जिससे उन्हें वहीं रुकना पड़ा था। शुक्रवार को मुरैना से होते हुए घर पहुंचे वीरपुर के सदर मुमताज खान का जगह-जगह उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत सत्कार में आए लोगों का सदर बीरपुर ने आभार जताते हुए सभी के लिए हज उमरा करने की दुआ भी की।

शहर काजी ने लगाई मेवाती समुदाय के फैसले पर वैधता की मुहर

श्योपुर। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरेशी ने मेवाती समाज के उस फैसले पर स्थानीय इस्लामिक विधि की मोहर लगा दी जिसमें मेवाती समाज ने अपनी जाति में होने वाले शादी विवाह से पहले लग्न की रस्म को खत्म करने का ऐलान किया था। मेवाती समाज के इस फैसले पर शहर काजी ने सहमति जताते हुए अपने कार्यालय से एक पत्र जारी कर दिया है। इसमें इस प्रथा को बंद करने का उल्लेख है।

विगत दिनों मेवाती समाज ने ईदगाह परिसर में एक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि शादी ब्याह का खर्च कम करने के लिए शादी से पहले होने वाले लगन के रस्म को खत्म किया जाए लग्न की रस्म के चलते शादी विवाह वाले परिवार पर अतिरिक्त खर्च का भार पड़ता है क्योंकि इसमें आने वाले मेहमानों के भोजन की व्यवस्था करने के साथ उपहार भी दिए जाते हैं। जिससे इस बुराई को खत्म करने के लिए मैं मेवाती समाज के अध्यक्ष अहमद मेवाती (एमू) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी गांवो से प्रतिनिधि पहुंचे थे सभी ने सहमति देते हुए निर्णय लिया था कि लग्न रस्म पूरी तरह समाप्त कर की जाए और जरूरत अनुसार सिर्फ दो लोग चिट्ठी लेकर तारीख लेने जाएंगे किसी भी पक्ष पर अनावश्यक बोझ नहीं बनेंगे। अगर इस कानून के खिलाफ किसी ने काम किया तो उसका निकाह नहीं पढ़ाया जाएगा साथ ही समाज द्वारा जो सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। शहर काजीने भी अब इसमें सहमति जताते हुए अपने दफ्तर से पत्र जारी कर दिया है जिसमें समाज के निर्णय के खिलाफ जाने वालों के निकाह नहीं पढ़ाने का उल्लेख भी है।

बंदियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिला जेल श्योपुर में बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास-सुरक्षा हेतु तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत दन्त परीक्षण एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में 80 बंदियों ने सहभागिता की तथा उन्हें दांतों में होने वाली विभिन्न बीमारियों उनसे बचाव एवं दांतों की नियमित साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बंदियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई, कई बंदियों ने जेल से छूटने के बाद कभी नशा न करने की बात बताई। नशे से ग्रसित बंदियों के लिए तम्बाकू निरोधक दवाईयां जेल डिस्पेंसरी को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्सको द्वारा बंदियों का दंत परीक्षण किया गया।

नपाध्यक्ष ने वार्ड 21 में जन सुविधाओं को लेकर पुलिया का निर्माण कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 21 छैलाबाग स्थित काली माता मंदिर के पीछे लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। यहां लगभग 14 लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कराया गया है। उक्त क्षेत्र से चार से पांच गांवों के ग्रामीणों का आवागमन होता है। बारिश के मौसम में यहां पानी भर जाने के कारण रास्ता बाधित हो जाता था, जिससे क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से बरसात के दिनों में आवागमन करना बेहद मुश्किल हो जाता था। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को समझते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज एवं संपूर्ण नगर पालिका परिषद द्वारा पुलिया निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई। इसके पश्चात लगभग 14 लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया।

पुलिया निर्माण होने से अब क्षेत्र के रहवासियों एवं आसपास के चार से पांच गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। वर्षों से चली आ रही समस्या का निराकरण होने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के इस जनहितकारी कार्य की सराहना की। नगर पालिका परिषद का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना और नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना है। इस अवसर पर पार्षद विपिन शिवहरे, सतपाल लोधी, गोपल ओझा, सोनू सुमन, राकेश शर्मा, बादाम सिंह लोधी, सहित वार्ड के रहवासी उपस्थित रहे।





बिजली कटौती के विरोध में विद्युत मंडल के गेट पर ताला जड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है जिससे परेशान होकर, तरावली,धतुरिया, सहित आसपास के ग्रामों किसान विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। जिसके बाद विधुत वितरण कंपनी और विधुत विभाग के अधिकारी पहुंचे और ताला खुलवाया गया। किसानों का कहना है कि उन्हें अभी बिजली की जरूरत है अगर उन्हें पानी देने के लिए समय पर बिजली नहीं मिली तो उनकी आगामी फसलों की बुवाई नहीं हो सकेगी। इस समय खेतों में पलेवा देने का काम चल रहा है, लेकिन बिजली न होने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। इस दौरान मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा। अभी लोड सेटिंग का कार्यक्रम चल रहा है जैसे ही यह पूरा होगा वैसे ही बिजली की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में पूरी की जाएगी। किसानों का कहना था कि उन्हें 10 घंटे बिजली देने की बात की जा रही है लेकिन उन्हें 4 घंटे ही बिजली मिल रही है।

भगवान धन्वंतरि जयंती पर विकास हॉस्पिटल में पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर विकास हॉस्पिटल में भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरोग्य की कामना के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर भगवान धन्वंतरि का पूजन-अर्चन किया तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर आरोग्य भारती एवं प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष तथा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. जयमंडल सिंह, सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा, रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, रेडक्रॉस सोसायटी एवं प्राइवेट प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव सहित अनेक चिकित्सक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने भगवान धन्वंतरि के जीवन एवं उनके चिकित्सा क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद एवं आरोग्य का देवता माना जाता है।

इस अवसर पर डॉ जयमंडल सिंह यादव ने कहा कि भगवान धन्वंतरि का प्राकट्य संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने आयुर्वेद एवं चिकित्सा ज्ञान के माध्यम से समाज को निरोगी रखने का मार्ग दिखाया। आज चिकित्सा क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी चिकित्सक उनके बताए सेवा और समर्पण के भाव को आगे बढ़ा रहे हैं। संजय श्रीवास्तव ने भगवान धन्वंतरि जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



खबर संक्षेप

युवक को करंट लगा अस्पताल में उपचार जारी

अशोकनगर। बमनावर गांव में बिजली के खंबे पर काम करते समय रंजीत जाटव को उस समय करंट लग गया जब वह जंपर जोड़ने का काम कर रहा था। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है। परिजनों का आरोप है कि बिजली बंद होने की बात की गई थी लेकिन इसी दौरान बिजली चालू कर दी गई। करंट लगने की इस घटना के बाद घायल के परिवार जनों और समाज जनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान परिवार जनों ने कार्यवाही की मांग की।

आनंद क्लब ने वितरित की पूजन सामग्री और मिठाइयां



चंदेरी। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के प्रस्तावित कार्यक्रम हर घर दिवाली के अंतर्गत आज चंदेरी विकासखंड के ग्राम रामनगर की रमपुरा आदिवासी बस्ती में विशेष सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर के निर्देशानुसार आनंद क्लब चंदेरी के सदस्यों द्वारा बस्ती के जरूरतमंद परिवारों को दीपावली पर्व मनाने के लिए पूजन सामग्री, दीपक, पटाखे एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्गों के परिवारों तक दीपावली की खुशियाँ पहुँचाना तथा यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी परिवार संसाधनों के अभाव में त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। सामग्री प्राप्त कर बस्ती के लोगों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर की धर्मपत्नी धनगर, नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता, राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर सौरभ पुष्प त्रिवेदी, आनंद क्लब के सदस्य विवेक जैन, ब्रजेश यादव, प्रकाश राय एवं धर्मपाल सिंह बुंदेला उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच मोहम्मद रफीक, पंचायत सचिव सुख सिंह प्रजापति, पटवारी बालेंद्र यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। राज्य आनंद संस्थान के आनंद क्लब चंदेरी के सदस्यों ने इस पहल के माध्यम से सामाजिक सहभागिता, संवेदनशीलता और सामूहिक आनंद का संदेश दिया।

जिले में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण

अशोकनगर। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले मे मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया और दुकानदारों को खाद्य पदार्थो को खुले में रखकर न बेचने की समझाइश दी गयी। शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अशोकनगर में बस स्टैंड, रेल्वे स्टेसन की मिठाई की दुकानों का निरीक्षण तथा विकास स्वीट्स के कारखाने का निरीक्षण किया गया।

शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा दीपावली का महापर्व, शहर सज-धज कर हुआ तैयार

शहर में चमके दीया, दमकी रंगोली, रोशनी से झिलमिलाए भवन, छाया दीपावली का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







सुख, समृद्धि और वैभव का पर्व दीपावली अशोकनगर जिले में शुभ मुहुर्त में मनाया जाएगा। शहर सज धज कर तैयार है। घर घर द्वार द्वार रंगोलिया सजाई गई हैं। रोशनी से नहाते हुए संस्थान और भवन दीपावली पर्व का संदेश दे रहें हैं। मिटटी से बने दिए भी घर की चैखट पर सज चुके है।जिले में दीपावली के पर्व को लेकर शुभ मुहुर्त में देवी माँ लक्ष्मी जी की पूजा की जाएगी। इस पर्व को लेकर किसी ने कमल के फूल खरीदें, तो कोई तारवाले बालाजी मंदिर के बाहर लगी दुकानों से ताजे फूलों की माला खरीदते हुए देखा गया। इस पर्व को लेकर घर घर द्वार द्वार तैयारियां चलती रहीं। घर परिवार के सदस्य जहां पूजा होना है उस स्थान को साफ सुथरा बनाने में लगे रहे। प्रत्येक घर पर और संस्थानों पर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। इस बार सोमवार को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। व्यापारियों के यहां भी शुभ मुहुर्त में पूजा अर्चना की जाएगी।

शनिवार को रूप चौदस का पर्व मनाया गया

रविवार को नरक चतुर्दशी जिसे यम द्वितिया कहा जाता है और इसे रूप चैदस के रूप में भी जाना जाता है। यह पर्व भी छोटी दीपावली के रूप में मनाया गया। इस दिन महिलाएं सजती और संवरती रही। ब्यूटीपार्लरों पर महिलाएं पहुंची और रूप चैदस का पर्व मनाया गया। इस दौरान पूजा अर्चना के साथ छोटी दीपावली का पर्व मनाया गया। इस वर्ष 5 दिवसीय दीपावली पर्व को लेकर दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। शनिवार दीपावली का दूसरा दिन था धनतेरस के बाद आने वाले इस दिन को छोटी दीपावली के रूप में मनाया जाता है। रविवार को दीपावली पर्व के लिए लोग सामग्री क्रय करते हुए नजर आएं। मिठाई विक्रेताओं के यहां भी लोगों की भीड नजर आई। शहर का पटाखा बाजार में भी लोग पटाखें खरीदते नजर आए। इन पटाखों की संख्या अब सीमित हो गई है। हालांकि पहले की तरह पटाखें नजर नहीं आते।



इस बार महालक्ष्मी जी हाथीं पर सवार होकर आई हैं

शहर में दीपावली पूजन का पर्व गौधूली के साथ प्रारंभ होगा जो देर रात तक जारी रहेगा। पंचमुंखी हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि इस बार महालक्ष्मी जी हाथी पर सवार होकर आईं हैं जो हम सबके के लिए परम आनंद देने वाली हैं। इस दिन कईं शुभ योग बने हैं। जिसमें आयुष्मान योग, बुद्धा योग, सौभाग्य योग, लुंम्बक योग हैं। इस वर्ष प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक अमृत लाभ का मुर्हुत है, एवं दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 3.3. बजे से और रात्रि 6. बजे से रात्रि 10.30 बजे तक अमृत योग तथा चार घड़ी व मेष और वृषभ लग्न बनी हुई है।

तेज रफ्तार ट्रक ने घोड़ा-तांगा को मारी टक्कर, घोड़ा हुआ घायल, तांगा क्षतिग्रस्त

मुंगावली। नगर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार शाम एक ट्रक ने घोड़ा-तांगा को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तांगा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं घोड़े के दाहिने पैर में गंभीर चोट आने से खून निकलने लगा। चोट के कारण घोड़ा चलने में भी असमर्थ हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घोसी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9, मिडिल स्कूल के पास निवासी महेंद्र पुत्र रामचरण ग्वाल (45 वर्ष) ने मुंगावली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। 6 नवंबर को रात करीब 8.45 बजे वह ग्राम ढूंढेर से अपने घोड़ा-तांगा के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान मुंगावली की ओर से आ रहे दस चक्का ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 8076 के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके तांगे में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तांगा क्षतिग्रस्त हो गया और घोड़े के दाहिने पैर में चोट लग गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद अमन ग्वाल, सुरेश ग्वाल और राहुल ग्वाल सहित अन्य लोगों ने घोड़े को संभाला और क्षतिग्रस्त तांगे को सड़क से हटाकर एक तरफ किया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



दीपावली पर अशोकनगर पुलिस ने आमजन को दिया विशेष उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के आम नागरिकों को विशेष उपहार प्रदान करते हुए उनके गुम हुए मोबाइल वापस लौटाए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर सेल अशोकनगर एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आमजन के गुम हुए मोबाइलों को सर्च कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

सायबर सेल अशोकनगर एवं जिले के समस्त थानों की टीम द्वारा संयुक्त प्रयास करते हुए विभिन्न स्थानों पर गुम हुए कुल 123 मोबाइल फोन सर्च किए गए, जिन्हें अशोकनगर जिले के साथ-साथ अन्य जिलों एवं राज्यों से भी प्राप्त किया गया। सर्च किए गए इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख 76 हजार रुपये है।

इसी तारतम्य में शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर के कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मोबाइल स्वामियों को उनके गुम हुए मोबाइल वापस प्रदान किए गए। दीपावली के पावन अवसर पर अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित सभी मोबाइल स्वामियों को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गुम हुए मोबाइलों की शिकायत एवं उनकी सर्चिंग की व्यवस्था जिले के सभी थानों पर उपलब्ध कराई गई है। अब किसी भी नागरिक को गुम मोबाइल की शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सायबर सेल आने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक अपने क्षेत्र के संबंधित थाने में आवेदन पत्र, आधार कार्ड एवं मोबाइल के बिल के साथ गुम मोबाइल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

गुम हुए 123 मोबाइल लौटाकर चेहरे पर लौटाई मुस्कान, 14 लाख 76 हजार कुल कीमत

कहीं आपका सलाहकार शकुनि तो नहीं है:मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हमें हमारे दैनन्दिनी जीवन में कई विषयों पर एक अच्छी सलाह की आवश्यकता होती है। एक अच्छी सलाह आपका भविष्य सुधार सकती है। इसलिये आप किससे सलाह लेते हैं यह बड़ा महत्त्वपूर्ण है। आपका सलाहकार कौन है? आचार्यों ने कहा है अज्ञानी की उपासना या सेवा से अज्ञान और ज्ञानी की उपासना या सेवा से ज्ञान की प्राप्ति होती है। क्योंकि यह बात सुप्रसिद्ध है की जिसके पास जो होता है वह उसी को देता है। उन्होंने कहा कि कौरव किससे सलाह लेते थे? सभी को पता है उसका नाम। वह शकुनि अपने आप में ही बहुत बड़ा अपशकुन था। क्योंकि वह वक्र बुद्धि, कुटिलता, दुष्टता आदि अवगुणों से भरा हुआ था। उसका सारा का सारा प्रयास नकारात्मकता से भरा रहता था। वह हमेशा अधर्म और अनीतिपूर्ण सलाह ही कौरवों को दिया करता था। जिससे कभी भी कौरवों को कोई लाभ नहीं बल्कि हानी ही उठानी पड़ी। इसके विपरीत पाण्डवों के सलाहकार थे श्री कृष्ण जी। जो उन्हें हमेशा न्याय नीति की ही सलाह देते थे। जिससे हर समय पाण्डव विजय की ओर ही उन्मुख रहे। यह दृष्टान्त एक ऐसा पौराणिक दृष्टान्त है जिससे हमारी बात आप सभी को सहजता से समझ में आ जायेगी। उस सलाह का परिणाम भी सभी को ज्ञात है। कहावत है- दूसरे के लिये खोदे गये गड्ढे में पतन हमेशा खोदने वाले का ही होता है।

आचार्यों ने भी स्पष्ट कहा है जिसके पास जो होता है वह वही देता है, जिसके अन्दर जिस प्रकार के संस्कार होंगे वह वही देता है। शकुनि जैसा व्यक्तित्व क्या कभी धर्म की, न्याय की, नीति की सलाह दे सकता है? नहीं ना। इसी प्रकार श्री कृष्ण जी जैसा व्यक्तित्व क्या कभी अधर्म की, अन्याय की, अनीति की सलाह दे सकता है? नहीं ना। यह दोनो व्यक्तित्व आपके सामने हैं। अब आप पर निर्भर करता है की आप किस की सलाह लेना पसन्द करेंगे। आपकी पसंद आपके व्यक्तित्व और आपके भविष्य की निर्धारक होती है। कौरव नरक में गए और पाण्डव मोक्ष व स्वर्ग में गये। इसलिये सलाह बड़ी महत्त्वपूर्ण चीज़ है। इसलिए आपका सलाहकार कैसा हो इसका निर्धारण आप स्व-विवेक से करें।

महावीर स्वामी के सिद्धांत विश्व शांति के लिए आवश्यक

भगवान महावीर के 2553वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर समर्पित किया जाएगा निर्वाण लाडू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज के सान्निध्य में अहिंसा धर्म के उद्घोषक भगवान महावीर स्वामी का 2553वा निर्वाण कल्याणक महा महोत्सव सुभाष गंज मैदान में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में निष्ठापन समारोह भगवान महावीर स्वामी की महा पूजन के साथ मनाया जायेगा।

इसके पहले आज सुभाष गंज मन्दिर में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करने का सौभाग्य सन्तोष कुमार सिंघई एवं अभय बाझल के साथ अन्य भक्तों को मिला। इसके बाद मंगल कलश की स्थापना के साथ आचार्य श्री मांगतुग स्वामी द्वारा रचित श्री भक्तांबर मंडल विधान का आयोजन किया गया। जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि मुनि श्री निरंजन सागरजी महाराज के सान्निध्य में चातुर्मास कलशों का निष्ठावान भक्ति के साथ परम पूज्य गुरुदेव द्वारा किया जायेगा इस दौरान भगवान महावीर स्वामी के 2553 वे निर्वाण महोत्सव पर भगवान की महापूजन की जायेगी समारोह का शुभारंभ प्रातः काल 7.30 मंगलाष्टक के साथ जगत कल्याण की कामना करते हुए परम पूज्य गुरुदेव के श्री मुख से होगीं इसके बाद भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक महा महोत्सव के साथ भगवान की महा आराधना होगीं इसके बाद निर्वाण लाडू समर्पित किया जायेगां। इस मौके पर विजय धुर्रा ने बताया कि तदउपरांत चातुर्मास कलश निष्ठापन परम पूज्य के श्री मुख से किया जायेगा। इसके बाद मुनि श्री के मंगल आशीवचन होगे तथा उपरांत कलशों का वितरण होगा जहां कलशों को गाजे बाजे से भक्त अपने घर ले जा कर दीपावली की पूजा कर सकेंगे।

महावीर के सिद्धांत दुनिया भर के लिए आज भी प्रासंगिक

इसके पहले गांव मन्दिर में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत की आज विश्व को महती आवश्यकता है आज जगत में शान्ति हो इस हेतु दुनिया को भगवान महावीर स्वामी दारा प्रतिपादित अहिंसा सत्य के मार्ग को अपना ने की जरूरत है जव दुनिया विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है तव तो ये सिद्धांत और भी आकर्षक करने वाले हैं वस इस पर अमल की जरूरत है।

मुख्य बाजार में छोटे पटाखों की आड़ में बेचे जा रहे बड़े पटाखे

चंदेरी। दीपावली के पावन पर्व पर नगर में आतिशबाजी की बिक्री को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है,लेकिन इसके बावजूद कुछ दुकानदार नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने नगर के मेला ग्राउंड में पटाखों की दुकानों की व्यवस्था की है,जहाँ लगभग 40 विक्रेताओं ने अपनी दुकानें सजा रखी हैं। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य घनी आबादी वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि से बचाव करना है।



रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजार में नियमों की अनदेखी

मेला ग्राउंड में किए गए इंतजामों के विपरीत, नगर के घने बाजार और रिहायशी इलाकों में कुछ व्यापारी चोरी-छिपे आतिशबाजी का अवैध कारोबार चला रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकानों के आगे फुलझड़ी,चटपटी और छोटे पटाखे सजाकर रखे जाते हैं ताकि किसी को संदेह न हो। लेकिन इस दिखावे की आड़ में दुकानों के भीतर बड़े और अत्यधिक ज्वलनशील पटाखों का जखीरा छिपाकर रखा गया है, जिन्हें ग्राहक के मांगने पर चोरी-छिपे बेचा जा रहा है।

गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां, प्रदान की सामग्री



शाढौरा। दीपावली के पावन पर्व पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा परिवार द्वारा मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। आनंदम उत्सव के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विकासखंड शाढौरा के ग्राम सेजी एवं गांधीनगर की आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने आदिवासी परिवारों एवं जरूरतमंद लोगों को उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ खुशियाँ बाँटते हुए सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद परिवारों तक त्योहार की खुशियाँ पहुँचाना तथा उन्हें यह एहसास कराना था कि समाज उनके साथ खड़ा है। डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने कहा कि ष्दीपावली केवल अपने घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाने का भी अवसर है। जब हम किसी जरूरतमंद परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तभी दीपावली का वास्तविक आनंद प्राप्त होता है।

आदिवासी बस्तियों में खुशियों और अपनत्व का माहौल

ग्राम सेजी एवं गांधीनगर में आयोजित इस कार्यक्रम ने दीपावली के पर्व को एक नया सामाजिक संदेश दिया। जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर उपहार बाँटना और उनके साथ त्योहार मनाना सामाजिक संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों का प्रेरणादायक उदाहरण बना। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी, जिला महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, शिव प्रताप रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, धर्मवीर रघुवंशी, सोनू जैन, नगर परिषद अध्यक्ष महोर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, डॉ. सौरभ शर्मा, चेतन रघुवंशी, सीएचओ ज्योति खेक्स, एएनएम सुमन धाकड़, बीसीएम संजीव रघुवंशी, मंडल रघुवंशी सहित सीएचसी शाढौरा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

32 बोरी डीएपी खाद का अवैध स्टॉक

अवैध खाद विक्रय की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई



अशोकनगर। जिले में अवैध रूप से खाद के भंडारण एवं विक्रय की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अशोकनगर शहर के महात्मा बाड़ा रोड स्थित ऑनलाइन शिव कंप्यूटर सेंटर की दुकान से अवैध रूप से खाद विक्रय किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार प्रशासनिक दल द्वारा कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अशोकनगर इसरार खान, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अशोकनगर तथा एसएडीओ कृषि के संयुक्त दल द्वारा दुकान संचालक विजय रघुवंशी के ग्राम आमाही स्थित निवास पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर 32 बोरी डीएपी खाद का अवैध रूप से भंडारित स्टॉक पाया गया। प्रशासनिक दल द्वारा उक्त 32 बोरी डीएपी खाद को जब्त कर लिया गया तथा ऑनलाइन शिव कंप्यूटर सेंटर को सील कर दिया गया। संबंधित दुकान का लाइसेंस निलंबित करने एवं संचालक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में खाद के अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पंद्रह दिन पहले चंदा जुटाकर इलाज के लिए भेजा था

बेसहारा हिंदू युवक की मौत के बाद मुस्लिम-ईसाई पड़ोसियों ने किया अंतिम संस्कार का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर कस्बे के मस्जिद मोहल्ले में बीते षुक्रवार रात एक युवक की टीबी की बीमारी से मौत हो गई। जिसके बाद इस मोहल्ले से धर्म की दीवारों को गिराता हुआ इंसानियत का एक उदाहरण सामने आया।

दरअसल, मस्जिद के पास एक मोहल्ला है, इस मोहल्ले में केवल एक हिंदू एवं एक ईसाई का घर है, षेष परिवार मुस्लिमों के हैं। इसी मोहल्ले में निवासरत हिंदू परिवार के एकमात्र पुरुष सदस्य भरत अहिरवार उम्र 37 वर्ष की षुक्रवार रात लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई थी। यह युवक मुंगावली के निकट किसी गांव का मूल निवासी था, जो आठ-दस बरस पहले अपनी मां, पत्नी एवं तीन अबोध बच्चों के साथ बहादुरपुर आ गया था। यहां युवक ईंट-भट्ठों पर मजदूरी करता था तो उसकी मां हाट बाजारों में खिलौने बेचती थी। तंबाकू का सेवन करने के बाद युवक को टीबी हुई, परिजन झाड़फूंक कराते रहे। करीब पंद्रह दिन पहले जब उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई तो मोहल्ले के अब्दुल समद खान, परवेज, फरहान, फहीम, गुल्ला खान, दाउद, असद, रेहान, ताहिर, षोएब, षाहनाबाज, कादर पठान, अरविंद मिंज, प्रफुल्ल मिंज आदि ने स्वंय के स्तर से राषि एकत्रित की और कुछ चंदा बाजार से कर युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। जहां से कुछ दिन पहले युवक वापिस आ गया था। अंततः षुक्रवार को उसकी मौत हो गई, जिसके बाद इन्ही पड़ौसियों ने युवक के अंतिम संस्कार एवं परिवार के भोजन की व्यवस्था की। युवक दाउद खान ने बताया कि रात में युवक की मौत के बाद ही मोहल्ले के सभी लोगों ने बैठकर तय किया था कि षोकाकुल परिवार की पूरी मदद करेंगे। इसके बाद सुबह होते ही आसपास के सभी घरों से कंडे-लकड़ी एकत्रित किए गए, जिन्हे ग्राम पंचायत की मदद से मुक्तिधाम पहुंचाया। इसके बाद संदेष दीक्षित के साथ मुस्लिम युवक गांव के अहिरवार परिवारों के पास गए और उन्हे अंतिम संस्कार में सहयोग करने के लिए बुलाया। इस तरह से बेसहारा युवक को सम्मानजनक ठंग से अंतिम यात्रा नसीब हो सकी।

रौनक से पूरा नगर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया

दीवाली पर खरीदारी को रही भीड़ देर रात तक गुलजार रहे बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

दीपावली के पावन पर्व को लेकर नगर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। त्योहार की खरीदारी के लिए खुजनेर के बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर देर रात तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही। दीपावली की रौनक से पूरा नगर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया नगर के शिवाजी बाजारए राजगढ़ चौराहाए बांसखेड़ा रोड और दशहरा मैदान सहित प्रमुख बाजारों में दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए खुजनेर पहुंचे। दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थीए जो देर शाम तक जारी रही।

पूजन सामग्री से लेकर मिठाइयों तक जमकर हुई खरीदारी

दीपावली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा.अर्चना की तैयारियों को लेकर लोगों ने फूल.मालाएंए रंगोलीए सजावटी पोस्टरए दीपकए पूजन सामग्री और घरों की साफ.सफाई के लिए झाड़ू सहित अन्य जरूरी सामान खरीदा। वहीं मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी.खासी भीड़ रही। महिलाओं और बच्चों में त्योहार की खरीदारी को लेकर उत्साह देखा गया

दशहरा मैदान का पटाखा बाजार भी रहा गुलजार

नगर के पचोर रोड दशहरा मैदान में लगाए गए पटाखा बाजार में भी दिनभर रौनक बनी रही। बच्चों से लेकर बड़ों तक ने अपनी पसंद के पटाखों की खरीदारी की। पटाखों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। बाजार में उमड़ी भीड़ से व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी नजर आई।

आज शुभ मुहूर्त में होगी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना

दीपावली के अवसर पर आज घरों और प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त के अनुसार मां महालक्ष्मी एवं भगवान गणेश की पूजा.अर्चना की जाएगी। इसके लिए घरों और दुकानों को दीपोंए रंग.बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है। नगर में दीपावली को लेकर उत्सव जैसा माहौल है और हर तरफ खुशियों एवं दीपोत्सव की रौनक दिखाई दे रही है।

नेशनल हाईवे पर मऊ और चतुरुखेड़ी के पास हादसे

दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवारों को टक्कर मारी, एक युवक की मौत 3 गंभीर घायल

अज्ञात वाहनों ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, मृतक के पिता ने सड़क पर घायल बेटे को देखा तो उड़ गए होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गईए जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं में अज्ञात वाहनों ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। घायलों को हाईवे एंबुलेंस और परिजनों की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गयाए जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गयाए जबकि गंभीर घायल युवकों मेसे एक को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया। पहली घटना नेशनल हाईवे पर मऊ गांव के समीप हुई।

जानकारी के अनुसार गुजरात से अपने गांव प्रयागराज जा रहे अमन पिता शुभनारायण ;20द्ध और मणिशंकर पिता रामकुमार की बाइक को किसी अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर हाईवे एंबुलेंस 1033 मौके पर पहुंची और दोनों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर आई। यहां प्राथमिक उपचार के बाद मणिशंकर की हालत गंभीर होने पर उसे शाजापुर रेफर किया गयाए जबकि अमन का



उपचार किया गया।

दूसरी घटना, फूल की पोटली लेकर गांव लौट रहा था युवक

दूसरी घटना दोपहर करीब 12 बजे चतुरुखेड़ी के समीप हुई। यहां सब्जी मंडी से फूल की पोटली लेकर अपने गांव उदनखेड़ी लौट रहे अभिषेक पुष्पद की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। संयोग से इसी दौरान उसके पिता घनश्याम पुष्पदए जो बस चालक हैंए पचोर से सारंगपुर आ रहे थे। घटनास्थल पर भीड़ देखकर उन्होंने बस रोकी तो सड़क पर घायल पड़ा युवक उनका बेटा निकला। पिता ने बस साथियों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचायाए लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। दोनों घटनाओं की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभिषेक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

मिठाई के साथ डिब्बे का वजन जोड़कर वसूली का अंदेशा

मिलावट की आशंका से मिठाई के वजन व गुणवत्ता पर संदेह, प्रशासन से जांच की मांग



कहीं 360 तो कहीं 280 रुपए किलो बिका मावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मिठाई बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। हजारों रुपये की मिठाइयां खरीदी जा रही हैं लेकिन इसी बीच मिठाई के वास्तविक वजन और गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर की कई दुकानों पर मावा 360 रुपये किलो तो कुछ दुकानों पर 280 रुपये किलो तक बिकने की जानकारी सामने आई है। मावा के दामों में इस अंतर ने उसकी गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर मिलावट की आशंका बढ़ा दी है। वहीं मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों से डिब्बे का वजन भी मिठाई के भाव से वसूलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उदाहरण के तौर पर यदि मिठाई का भाव 800 रुपये किलो है और डिब्बे का वजन 100 ग्राम है तो डिब्बे सहित एक किलो तौलने पर ग्राहक को केवल 900 ग्राम मिठाई मिलती है। इस तरह ग्राहक को 80 रुपये की मिठाई कम मिलती है।

मिठाई का पैसा दीजिए, डिब्बे का नहीं

केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग का संदेश भी स्पष्ट है। यानी ग्राहक से मिठाई की कीमत ली जाए पैकिंग के वजन की नहीं। कानूनी मापविज्ञान नियमों के तहत पैकिंग सामग्री का वजन शुद्ध मात्रा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

भरोसेमंद दुकानों से ही खरीदें मिठाई

त्योहार पर सस्ते मावे और मिठाइयों के आकर्षक दाम देखकर खरीदारी करने से बचें। आमजन केवल भरोसेमंद दुकानों से ही मिठाई खरीदें और बिल अवश्य लें। वहीं प्रशासनए खाद्य सुरक्षा विभाग और नापतौल विभाग से मांग है कि मिठाई दुकानों पर मावे की गुणवत्ताए मिलावट इलेक्ट्रॉनिक कांटों और पैकिंग के वजन की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि त्योहार पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी न हो।

नवागत थाना प्रभारी ने पदभार संभालते ही की जुआ की फड़ पर कार्रवाई

जुआ खेलते 8 गिरफ्तार 3.59 लाख का सामान जब्त, 69 हजार 900 रुपए नकद चार मोटरसाइकिल और आठ मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लीमाचौहान थाना क्षेत्र में जुआ.सट्टे का कारोबार संचालित होने की चर्चाओं के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बावली में जुआ खेल रहे आठ आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी ने पदभार संभालते ही अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 69 हजार 900 रुपए नकदए चार मोटरसाइकिलए आठ मोबाइल फोन और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए हैं। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 3 लाख 59 हजार रुपए बताई गई है। क्षेत्र में जुआ.सट्टे के कारोबार को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि कुछ कारोबारी प्रभावशाली लोगों के नाम की आड़ लेकर अपना धंधा संचालित करते हैं। हालांकिए इन चर्चाओं और आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर एक



बार फिर चर्चा शुरू हो गई है।

मुखबिर की सूचना पर तालाब के पीछे दी दबिश

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए 5 नवंबर 2026 को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बावली में तालाब के पीछे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

ये आरोपी हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश यादवए ललित किरारए पवन कुम्हार रामविलास किरारए कमल मालीए दिनेश यादव सुरेश खटीक और सुनील तंवर शामिल हैं। सभी आरोपी खुजनेर पचोर कोलवाड़ सेमलीलोढ़ा और सुस्याहेड़ी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।

मोटरसाइकिल और मोबाइल भी जब्त

पुलिस ने मौके से एक अपाचेए एक स्प्लेंडर और दो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सहित आठ मोबाइल फोन और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना लीमाचौहान में अपराध क्रमांक 315ध्2026 के तहत मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम 1976 की धारा 13 में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी के साथ सहायक उपनिरीक्षक ताराचंद कुबरेए संतोष मंडलोईए प्रधान आरक्षक शिवकुमार तिवारीए पवन शर्माए आरक्षक रामगोपालए कृष्णगोपाल मीणा चालक आरक्षक राकेश चोखटिया एवं सैनिक वीरपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नवागत थाना प्रभारी की पदभार ग्रहण करते ही की गई इस कार्रवाई को पुलिस की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है।

कलेक्टर-एसपी ने सुरक्षा इंतजाम जांचे

विदिशा। दीपावली पर जनसुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को रामलीला ग्राउंड स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, पानी, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन इंतजाम और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, अग्निशमन उपकरण चालू रखने और दुकानों के आसपास भीड़ व अव्यवस्थित पार्किंग रोकने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी।

पुलिसकर्मियों को बांटी विवेचना किट और मिठाई

विदिशा। शुक्रवार को एसपी अधीक्षक रोहित काशवानी एवं सीएसपी मोनिका तिवारी ने विवेचकों और अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक सामग्री एवं मिठाई वितरित की। विवेचकों को बैग सहित विवेचना संबंधी सामग्री दी गई, ताकि अनुसंधान कार्य सुगम हो सके। वहीं कार्यालयीन कार्यों के बेहतर संचालन के लिए कर्मचारियों को भी जरूरी सामग्री प्रदान की गई। पुलिस विभाग में ई-विवेचना प्रणाली के माध्यम से केस डायरी लेखन और डिजिटल साक्ष्यों का संधारण पर जोर दिया गया।

मच्छरों का प्रकोप बड़ा

गंजबासौदा। इन दिनों दीपावली के त्यौहार के चलते घरों, दुकानों में साफ, सफाई का दौर जारी है। वहीं दूसरी ओर इलाके में हल्की सर्दी ने दस्तक दे दी है। जिसके चलते पाराशरी नदी सहित निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है। शाम होते ही मच्छर घरों में एकत्रित हो जाते हैं। नागरिकों ने नपा से कीटनाशक का छिड़काव कराने की मांग की है।

जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की बच्चेदानी बाहर आने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला अस्पताल में शुक्रवार को प्रसव के दौरान गंभीर स्थिति बनने पर जमकर हंगामा हुआ। प्रसूता निकिता प्रजापति के परिजन ने नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने और पेट पर अनुचित दबाव डालकर जबरन प्रसव कराने के आरोप लगाए हैं। परिजन का दावा है कि डिलीवरी के दौरान महिला की बच्चेदानी (गर्भाशय) शरीर से बाहर आ गई। इसके बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ा। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि महिला अब खतरे से बाहर है, जबकि नवजात की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 6 बजे निकिता को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात करीब 2 बजे डिलीवरी हुई। उनका आरोप है कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने महिला के पेट पर दबाव बनाया, जिसके कारण यह गंभीर स्थिति बनी। परिजन ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें समय पर सही जानकारी नहीं दी और मरीज को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।



विदिशा। परिजनों को समझाइश देते हुए डॉ प्रमोद मिश्रा।

डॉक्टर बोले: बच्चे ने गर्भ में ही पी लिया था गंदा पानी

डॉ. प्रमोद मिश्रा ने बताया कि प्रसव से पहले ही बच्चे ने गर्भ में मेकोनियम (गंदा पानी) पी लिया था। इससे जन्म के समय उसकी सांसें थमने जैसी स्थिति बन गई थी। उन्होंने बताया कि प्रसव के बाद गर्भाशय का बाहर आना गंभीर आपात स्थिति है। डॉक्टरों ने तत्काल उपचार कर महिला को ब्लड चढ़ाया और मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां गर्भाशय को वापस सही स्थान पर स्थापित कर दिया गया है।

परिवहन विभाग ने 1.92 लाख वसूले

सागर रोड और ग्यारसपुर में 18 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



परिवहन विभाग ने शुक्रवार को सागर रोड और ग्यारसपुर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के द्वारा की गई कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करते 18 वाहन पकड़े गए। सभी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 17 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1 लाख 85 हजार 100 रुपए और मोटरयान कर के रूप में 7 हजार 732 रुपए वसूले गए। इस तरह कुल 1 लाख 92 हजार 832 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं एक वाहन जब्त कर ग्यारसपुर थाने में खड़ा कराया गया है। त्योहारी सीजन को देखते हुए यात्री बसों की भी जांच की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।





पानी घटने पर नदी में मिली थी 2 हजार साल प्राचीन कुबेर प्रतिमा

धनतेरस पर 11 फीट ऊंची कुबेर प्रतिमा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला संग्रहालय में धनतेरस पर विश्व की सबसे बड़ी करीब 11 फीट ऊंची कुबेर प्रतिमा की पूजा की गई। करीब 2 हजार साल पुरानी इस प्रतिमा के सामने श्रद्धालुओं ने धन-धान्य, सुख और समृद्धि की कामना की। पंकज जैन, सुशील शर्मा और उनके साथी विशेष अनुमति लेकर संग्रहालय पहुंचे थे। सुशील शर्मा ने बताया कि वे पिछले 17 साल से हर धनतेरस पर यहां आकर कुबेर की पूजा करते हैं।

नदी के संगम पर पानी में दबी थी प्रतिमा: संग्रहालय के गाइड रामनिवास शुक्ला के मुताबिक यह प्रतिमा बेतवा और बेस नदी के संगम पर स्थित त्रिवेणी घाट में पानी के नीचे दबी हुई थी। लोग इसे साधारण चट्टान समझते थे। स्थानीय धोबी भी इस पर कपड़े धोते थे। 1962 में नदी का जलस्तर कम होने पर पत्थर की आकृति साफ दिखाई देने लगी। ध्यान से देखने पर पता चला कि यह कुबेर की विशाल प्रतिमा है। इसके बाद प्रशासन की मदद से इसे विदिशा लाया गया। कुछ समय तक प्रतिमा विश्राम गृह में रखी गई।

1964 में संग्रहालय में रखी गई प्रतिमा

विदिशा संग्रहालय की स्थापना 1964 में हुई। इसके बाद कुबेर की प्रतिमा को यहां रखा गया। प्रतिमा में कुबेर को राजसी रूप में दिखाया गया है। उनके सिर पर पगड़ी, कानों में कुंडल और शरीर पर आभूषण हैं। उनके एक हाथ में धन की थैली है। संग्रहालय में कुबेर से जुड़ी करीब 6 फीट ऊंची यक्षणी की प्रतिमा भी रखी हुई है।

17 साल से धनतेरस पर कर रहे हैं पूजा

धनतेरस पर पंकज जैन, सुशील शर्मा और उनके साथी विशेष अनुमति लेकर संग्रहालय पहुंचे और प्रतिमा की पूजा की। सुशील शर्मा ने बताया कि वे करीब 17 साल से हर धनतेरस पर यहां आते हैं। इस दौरान वे कुबेर से धन-धान्य, सुख-संपत्ति और समृद्धि की कामना करते हैं।



हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़



आप सभी को

दीपावली

की

हार्दिक शुभकामनाएं



आनंद सिंह लोढ़ा

चेयरमैन

मणिधारी ग्रुप, गुना



भगवान महावीर स्वामी के

निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली पर्व पर

सभी नागरिकों, स्नेही जनों और शुभचिंतकों को

हार्दिक शुभकामनाएं।

दीपावली मंगलमय हो।

अहिंसा परमो धर्मः

विवेक जैन

राकेश जैन अमरोद

महामंत्री

जैन समाज अशोकनगर

सीए अक्षय जैन

मुकेश कुमार, राकेश कुमार, अशोकनगर



शाढ़ौरा नगर परिषद

सभी नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन करती है,

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!

शुभ दीपावली

दीपावली मंगलमय हो!

शाढ़ौरा नगर परिषद

अशोक माहौर

अध्यक्ष

श्रीमती संगीता-अरविंद रघुवंशी

उपाध्यक्ष

शमशाद पठान

सीएमओ

सभी नागरिकों से अपीलः

1 अपने घरों कं कचरा नियत स्थान पर ही डालें।

2 सभी करों का भुगतान समय पर करें।

3 पानी की एक एक बूंद का उपयोग करें, पानी व्यर्थ न बहाएं।

4 शासन की योजनाओं का लाभ लें।

5 शाढ़ौरा कस्बे को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

समस्त पार्षद- शाढ़ौरा नगर परिषद, जिला अशोकनगर



भगवान महावीर स्वामी के

निर्वाणोत्सव एवं दीपावली पर्व की

सभी स्नेहज्जनों, मित्रों और शुभचिंतकों को

हार्दिक शुभकामनाएं!

दीपावली

मंगलमय हो!

राजू मेडिकल परिवार

अशोकनगर

MASSEY FERGUSON

सभी जिलेवासियों को
दीपोत्सव पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...

TAFE 65 YEARS

मैसी का सितारा
लाया 1000+ इनामों का पिटारा

लकी ड्रॉ स्कीम | सारे मैसी ट्रैक्टर्स पर लागू
2 सितंबर - 14 नवंबर, 2026

मैसी का सितारा ऑफ़र

MF 254 DYNASMART 4WD | 50 HP
DynaSmart 4WD

बंपर इनाम

8 नं. 1 को इनाम — MF 254 4WD DynaSmart
8 नं. 2 को इनाम — कॉम्पैक्ट SUV
24 नं. 3 को इनाम — 350 CC मोटर साइक
48 नं. 4 को इनाम — स्कूटर

साथ में, सैकड़ों टीवी, स्मार्टफ़ोन और विभिन्न उपहार जैसे इनाम भी हैं

*नियम एवं शर्तें लागू | ड्रॉ हारा गए कंपनी गए और रजिस्टर किए गए मैसी ट्रैक्टर्स (तिमांक 2 सितंबर से विज्ञान से 14 नवंबर 2006 के बीच) का ही भाग होंगे | विजेता का नाम और विवरण सार्वजनिक क्षेत्र के डीलर के पास उपलब्ध होगा तथा कंपनी के नियम एवं शर्तें लागू होंगी | ड्रॉ होगी | खेलती मेवन किसी भी खत्र, बिना पूर्व सूचना के, स्कीम में बदलाव कर सकती है | अधिक जानकारी के लिए नजदीकी मैसेमी डीलर से संपर्क करें | संचने अधिकार सुरक्षित हैं |

बंसल कैपिटल मोटर्स
पता:- रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, नया बस स्टैंड,
अशोकनगर (म.प्र.), मोबा.: 07697371389

सभी नागरिकों, किसान भाईयों, व्यापारियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

वेयरहाउस बरवाई, जिला विदिशा

समस्त नगरवासियों एवं प्रदेशवासियों को
प्रकाश पर्व दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

शुभ दीपावली

श्री नीरज मानोरिया
अध्यक्ष, नगरपालिक परिषद

श्रीमती रीना मनोज शर्मा
उपाध्यक्ष, नगरपालिक परिषद

श्री विनोद उन्नीतन
मुख्य नगरपालिक अधिकारी (CMO)

नगरपालिका परिषद की विनम्र अपील

- जल संरक्षण करें: जलं कर्र ग्रं ववर्य जर्त्तं जल संवारं की संभावना है, अतः आप सभी से जल का अपव्यय न करने तथा संरक्षण करने की विनम्र अपीर्त्तं।
- स्वच्छता बनाएं रखें: अपने घरों का कचरा नगरपालिका द्वारा चलाये जा रहे वाहनों में ही डालें।
- नागरिक पंजीयन: जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन समय पर अनिवार्य रूप से करायें।
- समय पर कर भुगतान: नगरपालिका में दत्यें कर का भुगतान अवश्य कर तथा विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

॥ पार्षद गण ॥

श्रीमती निवकी मोनू रघुदेशी	श्री आशुतोष देवलिया	श्रीमती मंजीत गोविंद सिंह संधू	श्री बिदिग्र बिंवहरे	श्री रितेश जैन
श्री राजेन्द्र जॉर्ज ताय ड़े	श्री धर्मेंन्द्र यदुवंदी (चाचन)	श्रीमती राहलाज बानो	श्रीमती शांति गोपाल ओझा	श्रीमती सालिनी रोलेन्द्र सैंदा
श्रीमती केमलता धर्मेंन्द्र रघुदेशी	श्रीमती कुष्णा संजीव यादव	श्री शाहिद खान (चिन्ना)	श्रीमती रवि राजकुमार यादव	श्री महेंन्द्र भाहड़ाज
डॉ. जयमोहल यादव	श्रीमती गीता आर्य	श्रीमती रचना मनीष झुटेटे	श्रीमती किरण राजेंद्र कु वाबाह	श्रीमती शारुषि बाचू लोधी

एल्डरमैन

श्रीमती वर्षा बड़कुल | श्री जयप्रकाश अग्रवाल | श्रीमती मालती सेन | श्री सोनू दीपक सुमन | श्री यशलोक चौधरी | श्री राकेश शर्मा


झिलमिलाते दीपों के पर्व
दीपावली
की अशोकनगर जिले के
सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपावली मंगलमय हो।
आटा, मैदा, रवा, सूजी के निर्माता एवं विक्रेता
वगुल्या रोलर फ्लोर मिल
अशोकनगर


झिलमिलातें दीपों के पर्व
दीपावली
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
संजीव भारिल्ल
सांसद प्रतिनिधि एवं
मंत्री, श्री दिगंबर जैन पंचायत
अशोकनगर


भगवान महावीर स्वामी के
निर्वाणोत्सव
एवं
दीपावली पर्व
की सभी स्नेहजनों, मित्रों और
शुभचिंतकों को
हार्दिक शुभकामनाएं।
विनय सुराना
विनय सुराना एवं सुराना परिवार
अशोकनगर


सुख समृद्धि और खुशहाली के पर्व
दीपावली
की अशोकनगर जिले के
सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
दीपावली मंगलमय हो।
शुभम मोटर्स
जोनड़ियर ट्रेक्टर परिवार की ओर से हार्दिक शुभकमानाएं


भगवान महावीर स्वामी के
निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली पर्व की
सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार जैन, दिलीप जैन
स्वराज ट्रेक्टर परिवार की ओर से
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वराज ट्रेक्टर एजेंसी, मण्डी रोड अशोकनगर


दीपावली पर्व की सभी स्नेहजनों,
मित्रों और शुभचिंतकों को
अनंत शुभकामनाएं!
अशोक जैन टिंगू
अध्यक्ष
दर्शनोदय अतिशय क्षेत्र थूबोनजी कमेटी जिला अशोकनगर


अशोकनगर शहर के सभी नागरिकों,
स्नेही जनों, और शुभ चिंतकों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं!
गहना ज्वेलर्स
अशोकनगर


झिलमिलाते दीपों के पर्व
दीपावली
की अशोकनगर जिले के सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपावली मंगलमय हो।
रमेश चौधरी
चौधरी ट्रेक्टर एजेंसी अशोकनगर


SANJAY NARWARIYA'S
UNIQUE
INFRASTRUCTURES
THE ROYAL GREENS
APPROVED BY
UP GOVT.
AVIK HOMES
Ramkishan Sahu, Mukesh Sahu
Colonizer, Ashok nagar
ENJOY THE
GREENERY
AROUND YOU
SANJAY NARWARIYA-9098090999
NITIN KOTHARI-9827287874, RISHI AGRAWAL-7697371389

|| जय श्री महाकाल ||

Mahankal Tour And Travels Pvt. Ltd.

Bhopal, Madhya Pradesh

Service • Security • Trust

हार्दिक शुभकामनाएँ

Mahankal Tour And Travels Pvt.ltd., Bhopal की ओर से आप सभी प्रदेशवासियों, आदरणीय गरहकों, कॉर्पोरेट साझेदारों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाऐं एवं मंगलकामनाऐं । भगवान श्री महाकाल की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहें । आपके जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, सफलता और निरंतर प्रगति का आगमन हो ।

500+ कॉर्पोरेट कंपनियों का विश्वास



डायरेक्टर – प्रीतम पुरी गोस्वामी (कानडखेड़ी) भोपाल



- A Taxi of Its Own
- All India Taxi Services
- All MP Tour Visit
- Corporate & Govt. Travel Solution

आपका सफर, हमारी जिम्मेदारी



Dzire (4+1) | Ertiga (6+1) | Innova Crysta (6+1 / 7+1) | Urbania (17 Seater) | Tempo Traveller (26 Seater, 2+2 Pushback)

हमारी प्रमुख सेवाएँ

- एयरपोर्ट पिकअप & ड्रॉप
- रेलवे स्टेशन पिकअप & ड्रॉप
- कॉर्पोरेट ट्रैवल
- सरकारी/ निविदा वाहन सेवा
- आउटस्टेशन टूर पैकेज
- धार्मिक यात्रा (उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, वाराणसी आदि)
- पर्यटन पैकेज (म.प्र. व सम्पूर्ण भारत)
- कस्टमाइज्ड ग्रुप टूर

हम क्यों चुनें?

✓ सफर व नई मंजिल गाड़ियों | ✓ अनुभवी व प्रशिक्षित ड्राइवर | ✓ युनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड | ✓ 24X7 ग्राहक सहायता | ✓ Bisleri पानी, टिश्शु/तौलिया और साफ व्हाईट सीट कवर | ✓ सुरक्षित, आरामदायक और समयबद्ध सेवा |

बुकिंग के लिए संपर्क करें

Booking: 70679 05509
Emergency: 79870 21231

booking@mahankaltourandtravels.in
director@mahankaltourandtravels.in
mahankaltourandtravels.in
mahankaltourandtravels.com
mahakalbhopaitaxi.com

हमें Google पर रिव्यू दें
g.page/r/CRUo8R6KnD9aEBM/review

पता : Plot No. 170, 2nd Floor, Indian Bank Building, Near Zone-II, Maharana Pratap Nagar (MP Nagar), Bhopal, MP – 462011

GST No.: 23AAQCM788N1ZS
CIN No.: U63000MP2022PTC063553